अग्रवाल समाज का दीपावली स्नेह सम्मेलन सम्पन्न

माई झुं. न्यूज। अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं द्वारा महाराजा अग्रसेन मार्ग स्थित अग्रसेन भवन झुंझुनूं में दीपावली स्नेह सम्मेलन समारोह का आयोजन शिविर मध्यान्ह 4 बजे किया गया। इस दौरान सुन्दर मनोरंजन कार्यक्रम अग्रसेन एक मिनट का संचालन हरीश तुलस्यान द्वारा किया गया जिसके एक बार में दो प्रतिभागियों को मंच पर आमंत्रण के पश्चात केलेखाना, साडी बांधना, गुब्बारे फूलाना,रीबन काटना, जेवरात पहनाना इत्यादि रोचक कार्यक्रमों के अव्वल रहने वालों को पुरूस्कृत किया गया। समारोह का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष रामचन्द्र तुलस्यान एवं समिति अध्यक्ष मोहनलाल तुलस्यान तथा संयोजक नरोत्तमलाल जालान के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता रामचन्द्र तुलस्यान ने कहा कि दीपावली प्रेम एवं भाईचारे का त्यौहार है युवाओं को छल कपट छोड़कर सदैव सत्य का मार्ग अपनाना चाहिए जिससे जीवन में आगे बढ सकें। समिति द्वारा इस अवसर पर अल्पाहार व चाय का आयोजन भी किया गया था। समारोह के संयोजक नरोत्तमलाल जालान एवं सह संयोजक विनोद सिंघानिया थे। समारोह में मनोहरलाल गाडिया, मनोहरलाल राणासरिया, नवरंगलाल राणासरिया, कैलाशचन्द सिंघानियां, कैलाश चन्द्र पंसारी, श्याम सुन्दर पोद्दार, दिलीप मोदी, भरत कुमार तुलस्यान, राजेश ढेढिया, प्रमोद खण्डेलिया, केशरदेव तुलस्यान, अनिल केजड़ीवाल, आत्माराम टीबड़ा, रामचन्द्र मोदी, कन्हैयालाल केडिया, परमेश्वर हलवाई, डी एन तुलस्यान, श्याम सुन्दर केडिया, एस एन गुप्ता, सुरेश तुलस्यान, ताराचन्द गुप्ता भोड़कीवाला, श्रीगोपाल हलवाई, सन्त कुमार गाडिया, चौथमल पाटोदिया, समिति कोषाध्यक्ष शिव कुमार टीबड़ा, बंसीधर रिंगसिया, सम्पत चुड़ेलेवाला सहित अग्रबन्धु महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे। समिति अध्यक्ष मोहनलाल तुलस्यान ने स्वागत उद्बोधन तथा सचिव प्रदीप पाटोदिया ने सभी का आभार धन्यवाद प्रकट किया।

> सम्मेलन के अध्यक्ष रामचन्द्र तुलस्यान ने कहा कि दीपावली भाई चारे, प्रेम मिलाप को त्यौहार है तथा अगर व्यक्ति संघर्षों से मुकाबला करते हुए आगे बढने की ठान ले तो दुनिया की कोई ताकत उसे लक्ष्य तक पहुंचने में बाधा नहीं बन सकती। जो त्याग, समर्पण व सत्य की राह पर चलकर समाज में समर्पित हो जाते हैं वे पूरा जीवन हंसते-हंसते सघर्षो को राई की भांति समझते हुए जीवन बिताते हैं। वे पिछली पीढी के लिए यादगार बन जाते हैं। उन्होंने कहा दयालु बनो। दयालुता ऐसी भाषा है जिससे बहरे सुन सकते हैं। अन्धे देख सकते हैं। तुलस्यान ने कार्य कर्त्ताओं से कहा ध्यान रखों कि बड़े से बड़े तुफान आते हैं तो इमारतें धराशाही हो जाती है। यदि नींव का पत्थर मजबूत होगा तो इमारत के कुछ कंगरे ही टूटेंगे। इमारत नहीं गिरेगी। आपसी मतभेद हो सकते हैं पर मन भेद नहीं होना चाहिए। महिलाओं से कहा आज पुत्र लालसा नारी भ्रूण हत्या गर्भ में होव रही है। प्रत्येक परिवार चाहता है घर में वंश चलाने वाले आवे किन्तु पुत्र को जन्म देने वाली माता पौत्र की चाहने वाली नारी दादी यह भूल जाती है कि जननी-जननी को नहीं जन्मेगी तो वंश चलाने वाला कहां से जन्मेगा।

स्काउट गाइड संगठन को आत्मनिर्भर बनाने में सभी सहयोग करें- दिनेश कुमार

माई झुं. न्यूज। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के स्टीकर बिक्री अभियान का शुभारम्भ जिला कलेक्टर दिनेश कुमार ने प्रथम स्टीकर को क्रय करके किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि जन साधारण एवं शिक्षण संस्थाओं को स्काउट गाइड संगठन को आत्मनिर्भर बनाने में पूर्ण सहयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मोहरसिंह, सी ओ स्काउट मान महेन्द्र सिंह भाटी, स्काउट आनन्द प्रकाश शर्मा, रेन्जर कल्पना शर्मा, अमरकला, प्रतिभा, प्रमोद, स्नेहा पूनियां, स्काउट अनूप धनखड़, अमित उपस्थित थे।

जयपुर से शुरू हुआ दैनिक आसपास

माई झुं.न्यूज। सीकर से प्रकाशित दैनिक आसपास को 30 अक्टूबर को जयपुर से भी प्रकाशित किया जाने लगा है। मंगलवार को इसका विधिवत शुभारम्भ पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किया गया। इस अवसर पर आसपास के पशुपति शर्मा तथा झुंझुनूं के पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पवन पुजारी, रामनारायण कुमार, तैयब अली सहित अन्यजन उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री शीशराम ओला ने किया कमरे का लोकार्पण

माई झुं. न्यूज। भड़ौन्दा खुर्द गांव में स्थित पृथ्वीराज मंदिर परिसर में बने कमरे के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे केन्द्रीय मंत्री शीशराम ओला ने कहा कि गांव के विकास के लिए ग्रामीणों को एकजुट होना चाहिए। इस अवसर पर ओला ने मंदिर विकास के लिए डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर गांव के ही महावीरसिंह झाझड़िया ने भी मंदिर विकास के लिए छह लाख रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले ओला का ग्रामीणों की ओर से स्वागत किया।

गांव के मुख्य चौक में भी ग्रामीणों की ओर से ओला का स्वागत किया गया। लोकार्पण समारोह में पूर्व पंचायत समिति सदस्य धर्मसिंह, सरपंच पति सुधीर शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन खलील बुडाना ने किया। कार्यक्रम में आसपास केगांवों में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग भी शामिल थे। उल्लेखनीय में पृथ्वीराज मंदिर में कमरे का निर्माण रिसालदार शमशेरसिंह झाझड़िया की ओर से करवाया गया है।

समाज की पुलिस से दूरी चिन्ताजनक

माई झुं. न्यूज। सेठ मोतीलाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस प्रशासन व सामान्य जन विषय पर ग के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीके गौड़ थे। अध्यक्षता प्राचार्य डा. वीके शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि उपअधीक्षक प्रतापसिंह सेवदा व थानाधिकारी जगमालसिंह थे।

एएसपी गौड़ ने वर्तमान में समाज के साथ पुलिस की बढ़ती दूरियों पर चिंता जताते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन भी समाज का ही हिस्सा है। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच रखकर लक्ष्य के प्रति कर्मठता से आगे बढ़ने की सलाह दी। इस अवसर पर प्राचार्य वीके शर्मा, उपप्राचार्य डा. रविन्द्र कटेवा, कार्यक्रम अधिकारी ओपी शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. दिलीप पीपाड़ा ने किया। इस अवसर पर डा. सुशील शर्मा, डा. एनके शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, डा.आरसी शर्मा, अनिल श्रोत्रिय, पंकज पारीक, सुभाष सिलायच, नरेन्द्र शर्मा, राजकुमार सहल आदि उपस्थित थे। डा. नगेन्द्र शर्मा ने आगंतुकों को आभार व्यक्त किया।

पुलिस महानिरीक्षक गल्होत्रा ने किया थाने का निरीक्षण

माई झुं. न्यूज। पुलिस महानिरीक्षक ओपी गल्होत्रा ने गुरुवार शाम मंडावा थाने का निरीक्षण किया। पुलिस महानिरीक्षक को आरएसी की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ आर्नर दिया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीके गौड़, प्रतापसिंह सेवदा व थाना प्रभारी नरेन्द्र पूनियां ने आईजी की अगवानी की। पुलिस महानिरीक्षक ओपी गल्होत्रा ने थानाधिकारी व स्टाफ से थाने की मौजूदा स्थिति की जानकारी ली तथा कार्यप्रणाली को चुस्त दुरस्त करने की हिदायत दी। उनके साथ पुलिस अधीक्षक एलएन मीणा व राजेन्द्रसिंह भी थे। उल्लेखनीय है कि जयपुर रेंज (द्वितीय) में अलवर, झुंझुनूं, दौसा, सीकर जिलों में से मंडावा थाना श्रेष्ठ चुना गया था। अब आठ थानों का निरीक्षण कर राज्य स्तर पर तीन श्रेष्ठ थानों का चयन किया जा रहा है।

राजपूत समाज का स्नेह मिलन समारोह

माई झुं. न्यूज। शार्दुल छात्रावास में आयोजित राजपूत समाज के स्नेह मिलन एवं शेखा स्मारिका के विमोचन समारोह की अध्यक्षता कर रहे वयोवृद्ध एडवोकेट अमरसिंह नरुका ने कहा कि एकजुट रहो, महिला शिक्षा को बढ़ावा दो, समाज के प्रतिभावान गरीब बच्चों की मदद करो तथा समाजोत्थान में बाधक पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही कुरीतियों का त्याग करो।

उन्होंने शेखा स्मारिका के प्रकाशन के लिए प्रकाशक मंडल को बधाई दी तथा इस प्रकार के प्रयास भविष्य में भी करते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अशोकसिंह बड़ागांव ने किया। समारोह में समाज बंधुओं से समाज सुधार के संबंध में सुझाव मांगे गए। इस पर समाज बंधुओं ने भविष्य में स्नेह मिलन समारोह में महिलाओं की भागीदारी करने तथा गांवों में समाज की कमेटियां गठित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान डा. हनुमानसिंह शेखावत ने शेखा स्मारिका का विमोचन किया। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को पुस्तक की एक-एक प्रति भेंट की गई।

कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति ने किए धार्मिक स्थलों के दर्शन

माई झुं. न्यूज। कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति पीके चट्टोपाध्याय ने जिले में धार्मिक स्थलों के सपत्नीक दर्शन किए। न्यायाधिपति ने राणी सती मंदिर तथा खेमी शक्ति मंदिर में दर्शन किए। खेमी शक्मि मंदिर में उन्होंने रामनाथ महाराज से आशीर्वाद लिया। । इसके बाद न्यायाधिपति शाकम्भरी के लिए रवाना हो गए। सिद्ध पीठ माता शाकंभरी के दरबार में बंगाल के कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति पीके चट्टोपाध्याय रविवार को करीब पंद्रह मिनिट तक सहपत्नीक पूजा की। मंदिर पुजारी राजेंद्र शर्मा ने उनको पूजा करवाई गई।

न्यायाधिपति ने माता के रत्न, आभूषण, श्रीफल चढाए। पुजारी शर्मा ने उन्हें माता की चूनड़ी, प्रसाद आदि अर्पण किया। मंहत दयानाथ महाराज ने माता के इतिहास की जानकारी दी तथा आर्शीवाद प्रदान किया। उदयपुरवाटी मुंसिफ मजिस्ट्रेट ओमप्रकाश वैष्णव न उन्हें माता की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा, चुरू डीप्टी जेपी व्यास, थानाधिकारी गोपीराम बाजिया आदि मौजूद थे।

प्रिया परिवार में खुशी की लहर

माई झुं. न्यूज। प्रिया होम स्टडी प्राइवेट लिमिटेड (प्रिया परिवार) की सदस्य संख्या बुधवार को एक लाख हो गई। मंडावा मोड़ पर ओम टावर स्थित कार्यालय में प्रिया परिवार सदस्यों ने एक दूसरे को गले लगाकर तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इसके बाद आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ, जो रात तक चलता रहा। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन तेजपालसिंह नूनिया, निदेशक सुरेन्द्र नूनिया, महेश नूनिया, सत्यप्रकाश बोला, पंकज धनखड़, अजय चाहर, संदीप केडिया हरलालसिंह सहित काफी संख्या में प्रिया परिवार के सदस्य मौजूद थे। संस्था चेयरमैन नूनिया ने बताया कि पांच साल के समय में प्रिया से एक लाख सदस्य जुड़ना गौरव का विषय है। यह सब कंपनी की विश्वसनीयता के कारण संभव हो पाया है। संस्थान इसी तरह लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा।

वॉलीबाल की राष्ट्रीय विजेता टीम में छह बालिकाएं झुंझुनूं की

जिला कलेक्टर ने बधाई दी

झुंझुनू, 3 नवम्बर। भीलवाड़ा में 23 से 28 अक्टूबर तक सम्पन्न मिनी नेशनल वॉलीबाल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग का राष्ट्रीय खिताब राजस्थान ने जीता।

इस विजेता टीम में छह बालिकाएं झुंझुनू जिले की थी। विजेता टीम को मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे ने 30 अक्टूबर को अपने सरकारी आवास पर एक लाख एक हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

खेल मंत्री युनूस खान भी इस अवसर पर उपस्थित थे। जिले के वॉलीबाल कोच राजेश ओला इस विजेता टीम के कोच थे जिन्होंने टीम को जयपुर में 21 दिन का प्रशिक्षण दिया था। राष्ट्रीय खिताब जितने वाली राजस्थान की विजेता टीम में शामिल जिले की बालिका खिलाड़ियों ने शनिवार को यहां जिला कलेक्टर दिनेश कुमार से मुलाकात की। जिला कलेक्टर ने इन खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इन सभी बालिकाओं को आगामी गणतन्त्र दिवस पर जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

जिला कलेक्टर से हुई मुलाकात के समय जिला खेल अधिकारी किशन सिंह, वॉलीबाल कोच राजेश ओला, जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष रामेश्वर लाल वर्मा व कोषाध्यक्ष नाहर सिंह भी उपस्थित थे।

अग्रवाल युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन

माई झुं. न्यूज। अग्रवाल युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन रविवार को अग्रसेन भवन में दुर्गा प्रसाद गोयनका की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन में परिचय सम्मेलन को जिला स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

सम्मेलन में रामचन्द्र तुलस्यान व ताराचन्द गुप्ता ने कहा कि सम्मेलन के लिए प्रचार-प्रसार एवं वितीय साधन भी जुटाने होंगे। इस अवसर पर ओमप्रकाश टीबड़ा, नवरंगलाल राणासरिया, ओमप्रकाश शाह, भगवानदास वाहिदपुरा, प्रहलाद मित्तल, श्यामसुन्दर राणासरिया, मुरारीलाल, श्यामसुन्दर पौद्दार, किशनलाल आदि लोग उपस्थित थे।

असावा पदोन्नत हुए

माई झुं.न्यूज। अजमेर विद्युत वितरण निगम के झुंझुनूं के मुख्य अभियन्ता पद पर एस ई वी के असावा को पदोन्नत कर लगाया गया है। इस पद पर पूर्व में आसीन के सी मोदी का स्थानान्तरण अजमेर होने से असावा को मुख्य अभियन्ता पदोन्नत कर लगाया गया है।

प्रेस दिवस पर मीडिया संगोष्ठी सम्पन्न

झुंझुनू, 16 नवम्बर। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को यहां सूचना केन्द्र के सभागार में शिक्षित रोजगार केन्द्र प्रबन्धक समिति तथा जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से 'मीडिया का जन स्वर स्वरूप– स्वतन्त्रता के पूर्व एवं पश्चात' विषयक संगोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुन्दर पोद्दार की अध्यक्षता में हुआ।

इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वतन्तत्रता के बाद पत्रकारिता के स्वरूप में आये बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि लोकतन्त्र के इस चौथे स्तम्भ को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के निर्वहन को नजर अन्दाज नहीं करना चाहिए। वक्ताओं ने वर्तमान वैश्वीकरण के दौर में शासन, प्रशासन, समाज व अन्य क्षेत्रों में शुचिता की आवश्यकता पर बल देते हुए इसमें मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। वक्ताओं का कहना था कि स्वतन्त्रता संग्राम में जिस प्रकार मीडिया ने एक मिशन के रूप में अपनी रचनात्मक भूमिका अदा की थी ठीक उसी प्रकार आज राष्ट्रीय चरित्र के भावों को प्रबल करने और विकासोन्मुख स्वरूप को निरन्तर आगे बढ़ाने में भी सकारत्मक सहयोग करने की जरूरत है।

संगोष्ठी में प्रिन्ट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जुड़े सत्येन्द्र चौधरी, रफीक मोहम्मद, अशोक सिंह शेखावत, ओम स्वामी, विजय चौहान, रमाकान्त पारीक, संजय सैनी, हीरालाल स्वामी तथा साहित्यकार टेकचन्द शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। प्रारम्भ में सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी ने संगोष्ठी के विषय और इस विषय की सामयिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्ष श्याम सुन्दर पोद्दार तथा विशिष्ठ अतिथि पत्रकार राजन चौधरी ने भी आजादी पूर्व एवं पश्चात के मीडिया स्वरूप की विस्तार से जानकारी दी। सहायक जनसम्पर्क अधिकारी दयानन्द यादव ने अन्त में आभार ज्ञापित किया। संगोष्ठी में अमित भारद्वाज, जे.पी. शर्मा, उत्तम जोशी, सुभाष प्रजापत, देवेन्द्र सैनी, सूरज पुरोहित, अरूण मूण्ड, संजीव महला, रफीक आदि मीडिया कर्मियों ने भी हिस्सा लिया।